भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2130
06/08/2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तेलंगाना में मौसम पूर्वानुमान एवं बाढ़ प्रबंधन

2130. श्री रविचंद्र वद्दीराजू:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गोदावरी एवं कृष्णा नदियों में आने वाली बाढ़ के पूर्वानुमान हेतु उन्नत पूर्वानुमान प्रणालियाँ परिनियोजित की जा रही हैं;
(ख) तेलंगाना में भूकंपीय निगरानी का विस्तार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ग) क्या राज्य के किसान कृषि-मौसम संबंधी परामर्शों से लाभान्वित हो रहे हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) को विभिन्न स्थानों पर तत्संबंधी राज्य सरकारों को बाढ़ पूर्वानुमान जारी करने का अधिदेश है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) देश भर में 25 बाढ़ मौसम विज्ञान कार्यालय (एफएमओ) संचालित करता है। ये कार्यालय, 220 उप-बेसिनों के लिए दैनिक उप-बेसिन-वार परिमाणात्मक वर्षा पूर्वानुमान (क्यूपीएफ) जारी करते हैं, जो सात दिनों तक के लिए मान्य रहते है। ये कार्यालय क्यूपीएफ जारी करने का कार्य करने के साथ ही साथ केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के केंद्रीय बाढ़ पूर्वानुमान डिवीजनों को प्रेक्षित वर्षा, मौजूदा मौसम प्रणालियों और पूर्वानुमान मौसमी स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। ये पूर्वानुमान, बाढ़ पूर्वानुमान के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम करते हैं। इन पूर्वानुमानों को सृजित करने के लिए, आईएमडी संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (एनडब्ल्यूपी) मॉडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित मॉडल के संयोजन का उपयोग करता है। वर्षा संबंधी अंतिम पूर्वानुमान, बहु-जोखिम पूर्व चेतावनी निर्णय समर्थन प्रणाली (एमएचईडब्ल्यू-डीएसएस) द्वारा समर्थित मल्टी-मॉडल एन्सेम्बल कार्यप्रणाली का उपयोग करके तैयार किया जाता है।

(ख) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस), भारत में भूकंप की निगरानी के लिए जिम्मेदार नोडल एजेंसी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) अपने राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क (एनएसएन) के माध्यम से तेलंगाना सहित देश भर में भूकंपीय गतिविधि की निगरानी करता है। वर्तमान में, हैदराबाद, तेलंगाना में एक एनसीएस भूकंपीय वेधशाला प्रचालनरत है। राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क (एनएसएन) तेलंगाना में आने वाले 3.0 और उससे अधिक तीव्रता के भूकंपों को डिटेक्ट और लोकेट करने में सक्षम है।

(ग) जी हाँ। तेलंगाना राज्य के किसान आईएमडी द्वारा नियमित रूप से जारी किए जाने वाले कृषि-मौसम विज्ञान संबंधी परामर्शों से लाभान्वित हो रहे हैं। आईएमडी पंचायत मौसम सेवा पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ब्लॉक और पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है, और व्हाट्सएप एवं जमीनी स्तर के नेटवर्क जैसे कि कृषि सखी और पशु सखी के माध्यम से सही समय पर एडवाइजरीज प्रसारित करता है। मिशन मौसम के अंतर्गत, आईएमडी ने स्थान-विशिष्ट (लोकेशन-स्पेसिफिक) कृषि संबंधी परामर्श प्रदान करने और वेदर एनालिटिक्स को सुदृढ़ बनाने और जलवायु रोध-क्षमता वाली कृषि की योजना बनाने के लिए कल्प (KALP) और मौसम संकल्प (SANKALP) जैसे उन्नत प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

*****